हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 कुरुद से तरीघाट तक 25 करोड़ के टू-लाइन ...



14 ईद पर निकला जुलुस, ईदगाह में नमाज अता कर देश में ...





## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कूष्माण्डा यशस्वनीम्॥

**कार्रवाई : दो अलग-अलग रेड में मिली सफलता, झरियाबाहरा और बूढ़ा देव मंदिर के पास की घेराबंदी**

# 18 किलो गांजे के साथ मध्यप्रदेश के 3 तस्कर गिरफ्तार, 2 बाइक से कर रहे थे तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर कड़ा प्रहार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के सख्त निर्देशों के पालन में मैनपुर थाना पुलिस ने शनिवार को दो अलग-अलग बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया। पुलिस ने उड़ीसा से तस्करी कर लाए जा रहे कुल 18.575 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त करने में सफलता हासिल की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 9 लाख 28 हजार 750 रुपये आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के रहने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा को मुखबिर के माध्यम से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि उड़ीसा प्रांत से दो अलग-अलग पल्सर मोटरसाइकिलों पर अवैध गांजे का परिवहन किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित की गई और दो अलग-अलग संभावित स्थलों के लिए रवाना किया गया।




पुलिस टीम ने पहली रेड कार्रवाई ग्राम झरियाबाहरा से नगरी जाने वाले मुख्य मार्ग नाका के पास की। वहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए वाली एक पल्सर बाइक (जिसकी नंबर प्लेट पर 302 एसएआर लिखा था) को रोका गया। पूछताछ में बाइक सवारों ने अपना नाम सरजन कुमार विश्वकर्मा(20 वर्ष), निवासी राजगढ़ मध्यप्रदेश, दिलीप बारोड़ 45 वर्ष, निवासी इंदौर मध्यप्रदेश बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से 14.075 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (कीमत 1.50 लाख) सहित कुल 8,53,750 रुपये का मशरूका जप्त कर लिया।

### बूढ़ा देव मंदिर के पास से एक और आरोपी पकड़ाया

इसी दौरान दूसरी पुलिस टीम ने मैनपुरकला मोड़ स्थित बुढ़ा देव मंदिर के पास नेशनल हाईवे पर नाकेबंदी की। वहां मध्यप्रदेश नंबर की पल्सर बाइक (एमपी 37 जेड़जे 1033) को रोककर जांच की गई। बाइक सवार आरोपी अंकुर (22 वर्ष), निवासी राजगढ़ मध्यप्रदेश के पास से 4.500 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने 2.25 लाख का गांजा और 1.50 लाख की बाइक सहित कुल 3.75 लाख रुपये की सामग्री जप्त की। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में आरोपियों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किया है। जप्त सामग्री की कुल कीमत 12 लाख 28 हजार 750 रुपये बताई जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों- सरजन कुमार, दिलीप बारोड़ और अंकुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और जांच

थाना प्रभारी मैनपुर ने स्पष्ट किया है कि नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त लोगों पर पुलिस की सतत निगरानी जारी है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और जांच बढ़ा दी गई है ताकि उड़ीसा की ओर से होने वाली तस्करी को पूरी तरह रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम की सराहना की है।

## जनगणना में नागरिकों से पूछे जाएंगे 33 सवाल, मकानों की नंबरिंग शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

भारत में 2026 -27 की जनगणना के तहत घर नंबरिंग का कार्य क्षेत्र में शुरू हो गई है। यह पूरी तरह से डिजिटल होगी, जिसमें प्रगणक टैबलेट/ ऐप के जरिए 33 सवालों के साथ घर घर जाकर डेटा एकत्र करेंगे, जिसे बाद में फरवरी 2027 में अंतिम रूप दिया जाएगा। जनगणना में नागरिकों से फर्श की सामग्री, घर की दीवार की प्रमुख सामग्री,छत घर का उपयोग, स्थिति, परिवार की संख्या, घर में व्यक्तियों की संख्या, मुखिया का नाम व लिंग, परिवार का मुखिया एससी/ एसटी/ पिछड़ा वर्ग या अन्य से संबंधित है, स्वामित्व की स्थिति, परिवार के स्वामित्व वाले आवासीय कमरों की संख्या, घर में विवाहिता जोड़े, पीने के पानी का मुख्य स्त्रोत, पेयजल के स्त्रोत की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय है या नहीं, शौचालय का प्रकार, अपशिष्ट जल निकासी, स्नान सुविधा, रसोई व एलपीजी/ पीएनजी कनेक्शन, खाना बनाने में मुख्य ईंधन, रेडियो, टीवी, इन्टरनेट तक पहुंच, लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, मोपेड, कार, जीप, वैन, मुख्य रूप से खाया जाने वाला अनाज और मोबाइल नंबर के बारे में पूछा जाएगा। रसेला सहित क्षेत्र में मकानों की नंबरिंग शुरू हो गई है। इसके लिए नक्शा तैयार होगा। इस बार गिनती में चूल्हे को भी आधार बनाएंगे। एक मकान में चार चूल्हे जल रहें हैं, तो चार ईकाई मानेंगे। जिले में 16 साल बाद हो रही जनगणना कई मायनों में अलग होगी। पहली बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल मांडल पर आधारित होगी। सभी प्रकार का डेटा मोबाइल एप से जुटाएंगे और लोगों की जानकारी गोपनीय रखेंगे। वहीं लोग खुद भी अपनी जानकारी आनलाइन भर सकेंगे। जनगणना के दौरान सरकारी कर्मियों को सही जानकारी देना अनिवार्य है 1948 के तहत जानकारी छुपाना या बाधा डालना दंडनीय अपराध है।

## घुमकई जलाशय के कायाकल्प के लिए 74.06 लाख स्वीकृत

**रसेला।** क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। घुमकई जलाशय योजना के जीर्णोद्धार, उलट निर्माण तथा नहर-नाली मरम्मत कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा 74.06 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना से रसेला क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और कृषि उत्पादन में भी बढ़ोतरी की उम्मीद



जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत जलाशय के जिर्णोद्धार उलट निर्माण एवं नहरों के मरम्मत कार्य किए जाएंगे, जिससे लगभग 150 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना का निर्माण रसेला क्षेत्र के लोकल नाला पर जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग बीस वर्ष पूर्व किया गया है, जो लंबे समय ▶▶| शेष पेज 12 पर

## व्यापार प्रकोष्ठ के उमेश सिंह बने प्रदेश कर समिति के सदस्य

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हाल ही में जारी व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में गरियाबंद जिले के दो व्यापारियों को प्रदेश स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी सूची में वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव



सिंह मंडल को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। पहले वह प्रदेश सह संयोजक रह चुके है। वहीं युवा व्यापारी उमेश सिंह को प्रदेश कर समिति सदस्य के रूप में शामिल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## टंकी निर्माण के साल भर बाद भी ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे



**छुईहा बेलर।** जिला गरियाबंद के तहसील फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम मड़वाडिही में पेयजल संकट एक गंभीर समस्या बनकर उभरा है। वर्ष 2025 में सरकार द्वारा गांव में पानी की टंकी का निर्माण तो कराया गया, लेकिन विडंबना यह है कि आज तक उस टंकी से ग्रामीणों को पानी की एक बूंद भी नहीं मिल पाई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी निर्माण के बाद भी उसमें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। न तो टंकी में मोटर लगाया गया है और न ही पानी आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई गई है। इसके अलावा बिजली कनेक्शन की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिसके चलते पूरी परियोजना अधूरी पड़ी हुई है। स्थिति यह है कि गांव के लोग आज भी पेयजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत और संबंधित विभाग को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्राम सरपंच ने भी इस मामले में अपनी असमर्थता जताते हुए बताया कि उक्त पानी टंकी का हैंडओवर अभी तक ग्राम पंचायत को नहीं सौंपा गया है। इसी कारण पंचायत स्तर पर भी इसे चालू कराने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही समस्या और विकराल रूप धारण कर लेती है। गांव की महिलाएं और बच्चे दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की शीघ्र जांच कर जिम्मेदार ▶▶| शेष पेज 12 पर

## राजिम नपा में एक फायर ब्रिगेड दो सीवर सकर मशीनें उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिले के राजिम नगर पालिका में फायर ब्रिगेड वाहन चौबीस घंटे अपटुडेट तो रहता ही है बल्कि पानी, डीजल और ड्राइवर भी तैनात रहते है। किसी भी प्रकार से आगजनी या कोई बड़ी घटना की सूचना या फोन आते है तो फौरन बिना देर किए इसे रवाना कर दी जाती है। राजिम शहर सहित आसपास के गांव के लिए फायर ब्रिगेड वाहन संजीवनी का काम करता है। बात यदि सेप्टिक टैंक की सफाई की करे तो राजिम नगर पालिका में दो सीवर सकर मशीनें उपलब्ध हैं। शहर के अलावा जिस गांव से भी इस मशीन को बुलाया जाता है तो वहां शुल्क लेकर रवाना की जाती है। इससे शहरवासियों सहित आसपास के ग्रामीणों को भी काफी सुविधा मिल रही है। बता दें कि इन मशीनों के माध्यम से सेप्टिक टैंक की सफाई की जाती है, जिसके लिए औसतन लगभग 3500 रुपये प्रति टैंक शुल्क लिया जाता है। वहीं आसपास के गांवों में भी आवश्यकता पड़ने पर इन मशीनों को भेजा जाता है, जहां लीड के



हिसाब से शुल्क निर्धारित किया जाता है। नगर पालिका के स्टॉफ दीपक वर्मा ने बताया कि इस नगर पालिका की खासियत है कि आगजनी या किसी भी आपात स्थिति में तत्काल वाहन रवाना किया जाता है, जिससे समय रहते स्थिति पर काबू पाया जा सके। वहीं, नदी के उस पार स्थित नवापारा नगर पालिका में भी इसी प्रकार की व्यवस्थाएं मौजूद हैं। यहां भी सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए सीवर सकर मशीन उपलब्ध है, जिससे नागरिकों को आसानी से सेवा मिल रही है। सफाई के लिए यहां भी लगभग 3500 रुपये का शुल्क लिया जाता है और जरूरत पड़ने पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ▶▶| शेष पेज 12 पर

**लोहरसी में गूंजी रामचरितमानस की चौपाइयां**

# रामायण ग्रंथ नहीं, जीवन जीने की कला है : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र में श्याम नगर कपसीडीह और लोहरसी में त्रिदिवसीय श्री राम चरित्र मानस गान सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार से आयोजित किया गया है जिसमें क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि व दानदाता श्री राम चरित्र की कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे हुए हैं। इसी अवसर पर विधायक रोहित साहू शनिवार को समीप-पथ ग्राम लोहरसी में कथा श्रवण करने पहुंचे। लोहरसी में युवा कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू सहित अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जनपद



अध्यक्ष इंद्राणी साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, भाजपा जिला महा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### संस्कृति और संस्कारों का संगम

विधायक रोहित साहू ने कहा की आज ग्राम लोहरसी के इस पावन अवसर पर जहां रामायण की चौपाइयों से पूरा लोहरसी गुंजायमान हो रहा है, मैं आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। जब मैं यहां छोटे बच्चों और हमारे बुजुर्गों को रामायण कंठस्थ करते देखता हूं, तो लगता है कि हमारी संस्कृति की जड़ें आज भी कितनी गहरी और मजबूत हैं। रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह धर्म, नैतिकता, कर्तव्य और प्रेम का शाश्वत संदेश है। भगवान राम का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी मर्यादा (मर्यादा पुरुषोत्तम राम) को कैसे नहीं खोना चाहिए। राजा के रूप में राम, भाई के रूप में लक्ष्मण, और पत्नी के रूप में सीता का त्याग और प्रेम, हमें परिवार और समाज में सामंजस्य बनाए रखने की प्रेरणा देता है। आज की प्रतियोगिता में आपने जो मंचन और गायन प्रस्तुत किया, वह केवल कला नहीं है, बल्कि रामायण की शिक्षाओं को आत्मसात करने का प्रयास है।


DELHI IAS ACADEMY RAIPUR

Attention Dear All Parent & Aspirants

CGPSC 3 Year FOUNDATION BATCH

After Class 12th

Batch Starting From

31st March 2026 | Evening Batch

Who Can Join

- B.A./ B.COM/ B.Sc/ BE & 1st Year Student
- Aspirants Targeting CGPSC / UPSC early Preparation

Key Highlights

- Experienced Faculty Guidance
- Study Material (Hindi/English Medium)
- Offline Classes

Structure Of 3 Year Plan

1st Phase — Duration - 08 Months
- NCERT Foundation
- Subject Wise Preparation
- Mentorship Programme
- NewsPaper Reading & Analysis

2nd Phase — Duration - 20 Months
- Prelims + Mains Preparation
- Answer Writing Practice
- Test Series Evalution
- Mentorship Programme

3rd Phase — Duration - 08 Months
- Current Affairs Mastery
- Personality Developement
- Advance Answer Writing
- Final Mock Tests

Call Now

+91 7880111516, +91 7880111266

2nd Floor, Vandana Bajaj Showroom Opposite Rajkumar College,G.E. Road, Raipur

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ की बैठक जिला चुनाव की चर्चा की

**अभनपुर।** तदर्थ तहसील अधिवक्ता संघ अभनपुर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में आगामी जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान अभनपुर क्षेत्र से प्रत्याशी खड़ा करने के विषय पर सहमति बनी, हालांकि अंतिम निर्णय चुनाव की औपचारिक घोषणा के बाद लिया जाएगा। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा राजस्व प्रकरणों से जुड़ा रहा। अधिवक्ताओं ने बताया कि कई मामलों में स्थल निरीक्षण रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं होने के कारण प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब हो रहा है। इस समस्या के समाधान हेतु एसडीएम से मुलाकात कर उचित पहल करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। संगठन के विस्तार को ध्यान में रखते हुए कई नई नियुक्तियां भी की गईं। अधिवक्ता अपूर्व चौबे को वरिष्ठ सचिव, अधिवक्ता दिनेश सिन्हा को क्रीड़ा सचिव, अधिवक्ता मनोज साहू को सह-कोषाध्यक्ष तथा अधिवक्ता उत्तम यादव को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा अन्य विभिन्न विषयों पर भी अधिवक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। बैठक में संघ अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल अग्रवाल, वरिष्ठ नोटरी अधिवक्ता प्रहलाद साहू, उपाध्यक्ष अधिवक्ता नोटरी चंद्रकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता नागेंद्र सिन्हा, सचिव अधिवक्ता सोहन सिन्हा सहित अधिवक्ता संदीप चौरसिया, रोहन सिन्हा एवं आकाश गुप्ता उपस्थित रहे।

### डंपर की टक्कर से दो युवकों की मौत

**महासमुंद।** ग्राम केंदूढार बंजारी मंदिर के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक में सवार दो युवकों की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि केंदूढार दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड में सडक दुर्घटना से मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीवी 1290 को अज्ञात डंपर वाहन के द्वारा एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल चालक बिट्टू सोनी पिता राकेश सोनी (19 वर्ष) सागरपाली, बबलू मिर्धा उर्फ हराधन मिर्धा पिता घसिया मिर्धा (22 वर्ष) सागरपाली रोड में क्षत विक्षत हालत में पड़े थे। पुलिस ने मामले में सूचक की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया है।

### खरोरा में शौर्य मैराथन आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में शौर्य मैराथन की तैयारी की जा रही है। 22 मार्च रविवार को शौर्य मैराथन का आयोजन देश के शहीदों के सम्मान में पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद और मनोरमा आयल प्लांट बिरकोनी द्वारा किया जा रहा है। शौर्य मैराथन सुबह 6 बजे से फारेस्ट ग्राउंड महासमुंद से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक खरोरा में समाप्त होगी। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने यह जानकारी दी।

---

**सम्मेलन : लोहरसी में मानसगान की गूंज, राज्य स्तरीय सम्मेलन में उमड़े दिग्गज**

# सनातन संस्कृति से ही विश्व में भारत की पहचानः लालिमा ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

ग्राम लोहरसी में शुक्रवार से शुरू हुई छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय श्रीराम चरित्र मानसगान सम्मेलन में जिले के कई जनप्रतिनिधि व नेता एक साथ एक ही मंच पर इकट्ठा हुए। इस दौरान सभी अतिथियों का समस्त ग्रामवासी व आयोजक समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों ने श्री रामचंद्र भगवान की छायाचित्र पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया शुक्रवार को छः मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी जहाँ शुक्रवार की संध्या बेला पर मुख्य मंच में श्री राम चरित्र मानस मे उपस्थित श्रोता जनों को रसपान कर रहे थे आंचल मानस परिवार रीको कला जिला बलौदा बाजार जिनके प्रस्तुति के बीच अतिथियों का स्वागत और संबोधन शुरू हुआ गांव के हृदय स्थल बजरंग चौक पर भारी संख्या में गांव के भक्तगण उमड़े हुये थे। लालिमा ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गरियाबंद ने कहा है कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन को देखें तो अनेक जटिल प्रश्नों के उत्तर आसानी से मिल जाते हैं। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के माध्यम से दुनिया में भारत का नाम है। जहां अंधेरा है, वहां प्रकाश फैलाना ही सनातन संस्कृति है। इसी भाव से हमारे आदर्श भगवान श्रीराम ने लाखों वर्ष पहले अन्याय और अत्याचार की समाप्ति के लिए कार्य किया। वैसे तो भारतीय सनातन संस्कृति में 33 करोड़ देवी-देवताओं का उल्लेख है, लेकिन भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से पूरे विश्व में भारत की पहचान बनी। ऐसे ऐतिहासिक आधार के कारण भारत विश्व गुरू की संज्ञा प्राप्त करता रहा है। ग्राम लोहरसी मे शुक्रवार कों छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय श्रीराम चरित्र मानसगान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



### राम राज्य का स्मरण दूर करता है कठिन समयः शिवांगी चतुर्वेदी

शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद ने कहा कि रामायण काल में महर्षि विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले गए और संतों के यज्ञ में बाधा डालने वाले असुरों का अंत कराया। भगवान श्रीराम ने अपनी बुद्धि, पराक्रम के बल पर राजा जनक के दरबार में स्वयंवर जीता। भगवान श्रीराम ने निषादराज और शबरी माता के प्रसंगों से मित्रता एवं प्रेम का संदेश दिया है। राम राज्य का स्मरण करने से जीवन में कठिन से कठिन समय दूर हो जाता है। लगभग 550 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। महाराज रामभद्राचार्य की तर्क शक्ति से अयोध्या में राम मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

### ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने का अवसरः इंद्रजीत महाडिक

इंद्रजीत महाडिक सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद ने अपने संबोधन मे कहा की ग्राम लोहरसी के पवन धरा मे त्रिदिवसीय श्री राम चरित्र मानस सम्मेलन बहुंत ही ज्ञान देने वाली है गांव के युवाओं और सहयोगी साथियो द्वारा भव्य कार्यक्रम कराना बहुंत ही गर्व की बात है रामायण से हमें अच्छी अच्छी बाते सिखने कों मिलती है, सभी लोगों कों ज्ञान रूपी गंगा मे डुबकी लगाकर अपनी नय्या पार करने का सुनहरा अवसर मिला है मैं चाहूंगा समस्त ग्राम व क्षेत्र के लोग रामायण सुनने पहुंचे और अपने जीवन मे उतारे। इस दौरान, लालिमा पारस ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, शिवांगी अभिषेक चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, नंदनी ओमकार साहू सभापति महिला एवं बाल विकास, नंदनी कोमल ढीढ़ी सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, इंद्रजीत महाडिक सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, गोपी ध्रुव भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा, राघोबा महाडिक प्रदेश अध्यक्ष मराठा समाज,दीपक साहू महामंत्री भाजपा, लोमस साहू सरपंच, निलेश टंडन उपसरपंच, जागेश्वर साहू पंच,हलधर पटेल, मुकेश निर्मलकर , प्रेमानन्द साहू, लक्ष्मीनारायण तिवारी, गिरवर यादव, रूपुसुधन निर्मलकर, देवेंद्र साहू नंदकुमार साहू, राजकुमार यादव, धर्मेंद्र यादव, पुष्कर तिवारी मांधो यादव, सोहन साहू टीकाकार, मिलाप साहू, पोखन साहू, लिखन साहू, नेतराम पटेल, लेखराम साहू, खिलेश साहू, गिरधर साहू, शंकर साहू पंडा सहित बड़ी संख्या मे समिति के सदस्यगण और श्रोत श्रद्धांलुगण उपस्थित रहे।

---

## कथा में श्रद्धालुओं की उमड़ी रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

मां शीतला मंदिर प्रांगण में शीतला समिति छुरा के तत्वावधान में श्रीमद् देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचिका किशोरी आराध्या शर्मा द्वारा सुंदर कथा वाचन किया जा रहा है, जिनकी मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। कथा के दौरान देवी महिमा, धर्म, भक्ति और मानव जीवन के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। मंदिर प्रांगण भक्ति रस में डूबा हुआ है और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कथा आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने और लोगों को धर्म के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया है। कथा के साथ-साथ भजन-कीर्तन और आरती का भी आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायक और पुण्यदायी बताया है। आयोजन के सफल संचालन में शीतला समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा है।

---

## वर्तमान एसडीएम को आवास नसीब नहीं, पूर्व अधिकारियों का सामान अब भी भवन में



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आवास आबंटन के लिए प्राधिकृत माने जाने वाले दो अनुविभाग के एसडीएम को ही एक में भी सरकारी आवास नसीब नहीं, क्योंकि पूर्व एसडीएम ने अब भी दोनों कॉलोनी के आवास पर है अपना समान रखा हुआ है जिम्मेदार अफसर के मनमानी पर रोक नहीं लगी इसलिए कई मातहत भी इसी नक्शे कदम पर चल नियम विरुद्ध आवास पर कब्जा जमाए हुए हैं। देवभोग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हो या फिर अन्य विभागों के कैंपस में मौजूद सरकारी आवास हो ।ज्यादातर अफसर कमएँ नियमों को ताक में रख कर सरकारी आवास का मजा ले रहे हैं। अनुविभाग के सबसे बड़े अफसर कहे जाने वाले तत्कालीन एसडीएम ही नियम तोड़ रहने लगे थे ,इसलिए सरकारी आवास का आनंद मातहत भी जम कर उठा रहे है। नियम की धज्जियां उड़ाने के फेरे में वर्तमान एसडीएम आर एस सोरी ही आवास सुविधा से वंचित हो गए हैं। एसडीएम सोरी पिछले 6 माह से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस या फिर लॉज में रहकर ड्यूटी बजा रहे हैं। उन्हें माह भर पहले मैनपुर एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार मिला है पर आवास वहां भी नसीब नहीं हुआ है। निलंबित अपर कलेक्टर तुलसी दास मरकाम दोनों अनुविभाग के सेवा से दूर हैं, बावजूद दोनों हाउसिंग बोर्ड में शीर्ष ऑफिसर के लिए आबंटित आवास अब भी अपने नाम से रख आवास पर समाग्री भरा हुआ हैं। राजस्व विभाग के शीर्ष अफसर जब आवास पर अवैध कब्जा जमाए हो तो बाकी भी पीछे नहीं है। हाउसिंग बोर्ड के कुल 42 आवास में आधे पर अफसर कर्मी नियम विरुद्ध जमे हुए हैं। हाउस रेंट जमा नहीं होने से मेंटेनेंस भी नहीं हो पा रहा है। मामले में प्रभावित एसडीएम आरएस सोरी बड़े ही सादगी से कहते है कि काम करना है तो कही से भी कर लेंगे। वैसे तहसीलदार को जांच कर रिपोर्ट की मांग की गई है।

### कार्रवाई की जाएगी

*अपर कलेक्टर पंकज डाहरे ने कहा कि मामला गंभीर है। एसडीएम को टिम गठित कर विस्तृत रिपोर्ट मांगने कहा जाएगा। ऐसे कितने लोग है जिनका तबादला हुआ पर आवास नहीं छोड़ा, कितने अपात्र लोगों को आवास आबंटन है इसकी विस्तृत जानकारी लेकर जल्द ही उचित कार्यवाही की जाएगी।*

---

## शीतला माता मंदिर में ज्योति कलश स्थापित

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम करचाली में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से शीतला माता मंदिर में ज्योति जंवारा कलश स्थापना की गई है। आगामी 23 मार्च, दिन सोमवार को पंचमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें माता शीतला को पंचमी श्रृंगार अर्पित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में रोहित साहू (विधायक, राजिम विधानसभा क्षेत्र) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश चौधरी (सांसद प्रतिनिधि, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र) करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में मीरा ठाकुर (अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरा) शामिल होंगी। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में शिवांगी चतुर्वेदी (वनसभापति, जिला पंचायत गरियाबंद), रूपसिंग साहू (सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता), पंकज निर्मलकर (जनपद सदस्य, छुरा), राजू साहू (अध्यक्ष, फणिकेश्वरनाथ महाविद्यालय फिंगेश्वर), हेमन्त सिन्हा (अध्यक्ष, भाजपा मंडल खड़मा), पन्नालाल ध्रुव (अध्यक्ष, सरपंच संघ छुरा), चेमीन दीवान (सरपंच, ग्राम पंचायत करचाली), गंगाराम नेताम सेवानिवृत्त शिक्षक, प्रहलाद यदू पूर्व जनपद सदस्य छुरा,हेमलाल ध्रुव (सरपंच, ग्राम पंचायत रानीपरतेवा) एवं कंवल सिंह ध्रुव (ग्रामीण अध्यक्ष) सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।



---

## लोहरसी में श्रमिकों को नई सौगात 125 दिनों के रोजगार की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा



ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण और 'विकसित भारत 2047' के विजन को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से शनिवार को ग्राम लोहरसी में रोजगार गारंटी कार्य में जुटे मजदूरों के बीच एक महत्वपूर्ण परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव और किसान मोर्चा जिला महामंत्री सोमप्रकाश साहू सहित जनप्रतिनिधियों ने श्रमिकों को केंद्र व राज्य सरकार की नई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।


शनिवार सुबह भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सोमप्रकाश साहू, पूर्व जनपद सदस्य चंदन साहू, ग्राम पटेल धनीराम साहू, लोमश राम साहू सरपंच, दीपक साहू पूर्व जनपद सदस्य चंद्रशेखर साहू मनोज विश्वकर्मा लोकेश साहू ने बताया कि यह योजना ग्रामीण भारत में रोजगार, आजीविका और सामाजिक उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, आगे कहा 'जी राम जी' का पूरा नाम 'विकसित भारत – गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' है। इस योजना को संसद द्वारा कानून के रूप में पारित किया गया है और इसे देशभर में लागू किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्थायी रोजगार, सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा और दीर्घकालिक विकास प्रदान करना है। योजना के तहत, प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति वित्तीय वर्ष कम से कम 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। यह पहले 100 दिन की रोजगार गारंटी से 25 दिन अधिक है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में स्थिरता आएगी और उनकी आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी। इस योजना के लिए पर्याप्त बजट और एक मजबूत वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस दौरान उपसरपंच निलेश टंडन, मुकेश निर्मलकर, गैंद लाल निर्मलकर,खिलेश साहू, कन्हैया ठाकुर, ईश्वर यादव, रुपेश साहू, बिहारी साहू, नंदकुमार पटेल, कुमार निर्मलकर दीनदयाल साहू सहित मजदूर गण उपस्थित रहे।

---

## हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद उल फितर

**फिंगेश्वर।** मुस्लिम समाज का पाक यानी पवित्र महीना रमज़ान में पूरे 30 दिन रोज़ा रख कर इबादत किए और ईद उल फितर बड़े ही शौहदर्पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस माहे रमज़ान में छोटे बच्चे से लेकर हर वर्ग के लोग रोज़ा रखे और स्थानीय मस्ज़िद में हाफ़ज़ि अखबर अली द्वारा तरावीह की नमाज़ पढ़ी गई। रोज़ा के पूरे 30 दिन पूरा होने पर ईद उल फितर के मौके पर सुबह 9 बजे मस्जिद में मौलाना नसिमुल हक़ ने ईद की नमाज़ अदा करवाएं और देश प्रदेश में खुशहाली की दुआएं मांगी गई। कौमी एकता का मिशाल पेश करते हुए एक दूसरे को गले लगा कर सभी समाज के लोगो ने एक दूसरे दिन बधाई दिए। इस दिन खास कर मुस्लिम समाज के लोग नए कपड़े पहनते है अपने से छोटे लोगो को ईदी दी जाती है वही फितरा ज़कात देकर गरीबो की मदद जाती है खास ईद में सिरखुर्मा सेवाई बनाया जाता है इसलिए इसे सेवाई वाली मिटी ईद भी कहा जाता है। ईद के मौके पर सदर शब्बीर खान, पूर्व सदर गुलाम इश्हाक खान, सलीम खान, नायाब सदर अजीज खान,शेख इब्राहिम, सत्तार रब्बानी, शाबिर रब्बानी,मनसूर रहमान खान, सलीम वारसी, नियाज अहमद, शेख हसन हुसैन, शेख इस्माइल, डॉ सकील, नवाब खान, वही इंतेजामिया कमेटी के सदर शेख इमरान, नयाब सदर शहबाज खान,राजा खान,सफदर असरफी,शेख आशिफ, ताहिर, रिहान,इजराइल, मो. इब्राहिम अली, मुख्तार, अयान, अमान, आमिन,अनवार रब्बानी, आशु,अर्शियान, अक़ीब, शेख इजान, ईहान भाई, सना,रिजवान, फैजान, मो.अरबाज़ खान, आलिया अंजुम, राइद अली, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।





**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे के किनारे इन दिनो लगातार वन्यप्राणी दिखाई दे रहे है। खेलन साहू ने इंदागांव के पास गौर का झुण्ड का तस्वीर अपने कैमरे में कैद की।

---

**दरबार में देश-प्रदेश से लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने की उम्मीद**

# निरई माता धाम में जात्रा आज, न श्रृंगार न कुमकुम, सिर्फ नारियल और बकरों की बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

आस्था, रहस्य और अनोखी परंपराओं का संगम माने जाने वाले निरई माता धाम में 22 मार्च रविवार को भव्य जात्रा का आयोजन होगा। साल में केवल एक बार खुलने वाले माता निरई के कपाट इसी दिन भक्तों के लिए खोले जाते हैं, जहां लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ते हैं।

इस अद्भुत जात्रा की खासियत यह है कि यहां न तो श्रृंगार चढ़ाया जाता है और न ही कुमकुम या गुलाल बल्कि नारियल और बकरों की बलि के माध्यम से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना करते हैं। छत्तीसगढ़ के मगरलोड विकासखंड के ग्राम मोहेरा और आश्रित ग्राम निरई में आयोजित इस जात्रा में दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मगरलोड, धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, नयापारा, राजिम और महासमुंद सहित कई जिलों से भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते है। माता निरई के प्रति अटूट आस्था रखने वाले श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर बकरों की बलि अर्पित करते हैं। जात्रा के इस विशेष दिन हजारों की संख्या में बकरों की बलि दी जाती है, जिसे भक्त अपनी श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक मानते हैं।

### नवरात्रि के पहले रविवार को खुलता है





कहा जाता है कि एक पुजारी पूजा के बाद लौटते समय अपना कटरा (नींबू काटने का हथियार) भूल गया। जब वह वापस लौटा तो उसने माता को अन्य देवियों के साथ भोजन करते देखा। माता ने उसे वहीं रुकने को कहा और कटरा फेंक दिया। जहां कटरा गिरा, वहीं से पूजा की परंपरा शुरू हुई और आज भी उसी स्थान पर पूजा की जाती है। माता का दरबार साल में केवल एक बार, चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को ही खुलता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की जाती है। मान्यता है कि सच्चे मन से पूजा करने पर संतान, स्वास्थ्य, व्यवसाय और न्यायालय से जुड़े मामलों में भी राहत मिलती है।

### जात्रा की अनोखी परंपराएं

जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित यह धाम घने जंगल और पहाड़ी पर स्थित है। यहां की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि माता की गुफा साल में केवल एक बार ही खुलती है। गुफा के अंदर बिना तेल के निरंतर जलती दिव्य ज्योति भक्तों के लिए आस्था और आश्चर्य का केंद्र बनी रहती है। इस मंदिर में पूजा का तरीका भी बेहद अलग है। यहां माता को न तो सिंदूर, कुमकुम, गुलाल या श्रृंगार की सामग्री अर्पित की जाती है, बल्कि केवल नारियल और अगरबत्ती से पूजा की जाती है। मान्यता है कि शराब पीकर दर्शन करने वाले लोगों को मधुमक्खियों के प्रकोप का सामना करना पड़ता है। माता निरई को निराकार स्वरूप में पूजा जाता है। मान्यता के अनुसार, एक समय माता एक कुंवारी कन्या के रूप में एक सिद्ध पुजारी को दर्शन देती थीं। एक घटना के बाद माता रुष्ट होकर अंतर्ध्यान हो गईं और कहा कि वह अब किसी स्त्री का मुख नहीं देखेंगी। तभी से मंदिर में महिलाओं का प्रवेश वर्जित माना जाता है।

---

## पेज 11 के शेष...

### घुमकई जलाशय के...

से क्षेत्र के किसानों के लिए जल स्रोत एवं सिंचाई का प्रमुख आधार रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने से बेलडीही और रसेला गांव के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। किसानों को अब सिंचाई के लिए बेहतर और स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा।बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव के सतत प्रयासों और पहल के चलते इस योजना को स्वीकृति मिल पाई है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है।इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों एवं किसानों ने विधायक जनक ध्रुव, जल संसाधन के विभागीय अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस योजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की कृषि व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

### व्यापार प्रकोष्ठ के...

किया गया है। गरियाबंद जिले से दोनों व्यापारियों को प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ में स्थान मिलने पर जिले के व्यापारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। दोनों को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री आशीष शर्मा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा, नपा अध्यक्ष रिखी राम यादव, आसिफ मेमन, गफ्फू मेमन, संभाग प्रभारी सागर मयाणी, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप भोसले, वरिष्ठ व्यापारी प्रकाश चंद रोहरा, हरीश भाई ठक्कर, ललित पारख, पुष्पक देवांगन, प्रशांत मानिकपुरी, बिंदु सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, विनय दासवानी, अजय रोहरा, विष्णु मरकाम, रेणुका साहू, मधु देवांगन, पुष्पा साहू, प्रतीक तिवारी, प्रतीक सिंह, खेमसिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### टंकी निर्माण के...

विभाग एवं अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही, अधूरी पड़ी पानी टंकी को जल्द से जल्द चालू कर गांव में पेयजल संकट का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### आगजनी से सुरक्षा...

यह सेवा पहुंचाई जाती है। नवापारा नगर पालिका में फायर ब्रिगेड वाहन हमेशा तैयार स्थिति में रहता है। कहीं से भी आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत टीम को रवाना कर दिया जाता है, जिससे किसी भी बड़ी घटना को टालने में मदद मिलती है। इस संबंध में पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम हर समय सतर्क रहती है और सूचना मिलते ही तत्काल रवाना हो जाती है। कुल मिलाकर, राजिम और नवापारा दोनों नगर पालिकाओं में सीवर सकर मशीन और अग्निशमन सेवाओं की उपलब्धता से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिल रही है। इन व्यवस्थाओं के चलते किसी भी आपात स्थिति से निपटने में प्रशासन पूरी तरह सक्षम नजर आ रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा का भरोसा मजबूत है।

### रामायण ग्रंथ नहीं...

मंत्री चंद्रशेखर साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू, सरपंच लोमस साहू उपसरपंच नितेश टंडन पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू, हलदर पटेल मुकेश निर्मलकर, रिपुसुधन निर्मलकर, गिरवर यादव मिलन साहू धनीराम साहू पूर्व जनपद सदस्य पोखन साहू मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, शेखर साहू, डायमंड साहू, जनपद सदस्य गोदावरी साहू, जागेश्वर साहू पंच, देवेंद्र साहू, पुष्कर तिवारी, नंद कुमार साहू, धर्मेंद्र यादव, प्रेमानंद साहू, भूषण साहू, सहित बड़ी संख्या में आयोजक समिति व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जंगल सफारी में बस संचालन के निजीकरण की तैयारी का विरोध

**अभनपुर।** जंगल सफारी में बस संचालन को निजी एजेंसियों को सौंपने की तैयारी के बीच छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संघ ने इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक को ज्ञापन सौंपकर निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की है। संघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि नवा रायपुर की जंगल सफारी में वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी वाहन चालक एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में बस संचालन वन विभाग के माध्यम से हो रहा है, लेकिन अब टेंडर प्रक्रिया के जरिए इसे निजी एजेंसियों को सौंपने की तैयारी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों की आजीविका पर सीधा संकट उत्पन्न होगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कई कर्मचारी पिछले 10 से 15 वर्षों से इस कार्य से जुड़े हुए हैं और यही उनकी रोजी-रोटी का एकमात्र साधन है। निजी एजेंसियों के आने से इन अनुभवी कर्मचारियों को काम से बाहर किया जा सकता है, जिससे उनके परिवारों पर आर्थिक संकट गहरा जाएगा। संघ ने यह भी मांग की है कि यदि विभाग द्वारा नई व्यवस्था लागू की जाती है, तो वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजित किया जाए। साथ ही जंगल सफारी में बस संचालन का जिम्मा निजी हाथों में देने के निर्णय को तत्काल रोकने की मांग भी की गई है। वन कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे आगे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिंह, महामंत्री राजकुमार चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, गिरधर जैन,प्रदेश मंत्री निमेश राय,समर विजय, जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, जंगल सफारी अध्यक्ष मिथलेश साहू, उपाध्यक्ष नवीन पुरैना, वीरेंद्र धीवर, मनोज वर्मा, ओमप्रकाश सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कार्यक्रम : तरीघाट में विधायक रोहित साहू ने दी लाखों के विकास कार्यों की सौगात

# कुरुद से तरीघाट तक 25 करोड़ के टू-लाइन सड़क का काम जल्द शुरू होगा : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





ग्राम तरीघाट मे शनिवार शीतला मंदिर जीर्णोद्धार कार्य भूमिपूजन व महिला स्व सहायता समूह भवन लोकार्पण, टीन शेड निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विधायक रोहित साहू का भव्य गज माला व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, सर्वप्रथम विधायक रोहित साहू और सभी अतिथियों ने दंतेश्वरी मंदिर पहुंच माता रानी से आशीर्वाद लिया। विधायक ने ग्राम तरीघाट मे लाखो रूपये के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष सुविधा मिलेगी और गांव की प्रगति में नया अध्याय जुड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका संकल्प है कि विकास की धारा हर गांव, हर गली और हर घर तक पहुंचे। दो साल का विकास और 70 वर्षो का विकास आज देखते ही बनता है, राजिम से छुरा तक 145 करोड़ रूपये विष्णु देव साय स्वीकृत किया है जिसमे टू ले व फोर लाइन सड़क बनने वाला है, कुरुद से तरीघाट तक 25 करोड़ के टू लाइन जल्द शुरू होगा, रोहिना से सेमहराडीह, कोपरा, पोखन, देवरी, भेंडरी, लोहरसी साहू पुरे राजिम विधानसभा मे रोड का जाल फ़ैल जायेगा क्षेत्र मे मोदी की गारंटी विष्णु देव साय की सरकार राजिम के विकास के लिये करोड़ रूपये स्वीकृति किया, नालंदा के तर्ज पर हाई टेक लाइब्रेरी के लिये पांच करोड़ स्वीकृत किया, जिला मुख्यालय अस्पताल मे 120 करोड़ स्वकृत किया, तरीघाट मे 272 आवास मकान स्वीकृत किया और बांकी बचे हुये आवास कों जल्द शुरू हो जायेगा, राजिम विधानसभा कों विष्णु देव साय के गारंटी से 1200 सौ करोड़ का विकास कार्य चल रहा है, आगे कहा की मुक्ति धाम मे एक प्रतीक्षालय की घोषणा, एक रंगमंच की घोषणा, शिशु मंदिर के लिये अतरिक्त कमरा की घोषणा, सीसी रोड की घोषणा, जय माँ शारदा समिति कों दस हजार स्वीकृत, भारत माता महिला समूह सात हजार, क्रिकेट टीम कों सात हजार रूपये, स्वीकृति किया, वर्तमान मे ग्राम तरीघाट मे 25 लाख का काम हो रहा है।

#### प्रमुख जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

सरपंच व समस्त ग्रामीण ने तरीघाट मांग मुक्ति धाम प्रतीक्षालय निर्माण सामुदायिक, गली कंक्रीटी कारण, टीना शेड की मांगे रखी। इस अवसर पर अध्यक्ष इन्द्राणी नेहरू साहू जनपद अध्यक्ष, आनंद मतावले पूर्व जिला पंचायत सभापति, गोदावरी साहू जनपद, गोपी ध्रुव मंडल अध्यक्ष भाजपा कोपरा, चंद्रशेखर साहू जिला महामंत्री भाजपा, हरीश साहू सरपंच संघ अध्यक्ष फिंगेश्वर,सरपंच गुंजन भोला साहू सरपंच ग्राम तरीघाट, धनीराम साहू, चिमन वर्मा अध्यक्ष शाला विकास समिति तरीघाट हाय स्कूल, विशाल राम वर्मा सेवा नियुक्ति शिक्षक, सरपंच लोमस साहू सरपंच लोहरसी, लता नरशु ध्रुव सरपंच सहसपुर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि कोमल साहू तरीघाट, हीराधार साहू, युगलकिशोर साहू, राजयपाल पुष्कृत शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, प्रधानपाठक चन्द्रभूषण साहू, भोला वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, कृष्णा साहू,उपसरपंच संतोष वर्मा, पंच अशोक अंडे, लीला राम मारकंडे, लख्खी बाई यादव अहेल्या मारकंडे, गायत्री ध्रुव, मिथलेश सेन, संतोष साहू कुस बाई साहू, सावित्री वर्मा, कुमारी बाई साहू, सचिव हेमकुमार सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती सरकार की नीतियों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में होली मिलन समारोह एवं आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत होली मिलन से हुई, जिसके बाद पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष माहेश्वरी शाह ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा झूठे वादों और प्रलोभनों के सहारे सत्ता में आती है और बाद में जनता को भूल जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महिलाएं गैस सिलेंडर नहीं मिलने से परेशान हैं, वहीं किसान, मजदूर और बेरोजगार वर्ग भी ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशों का पालन करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हरीश यादव ने अपने उद्बोधन में बढ़ती महंगाई और सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा विकास के बजाय जाति-धर्म की राजनीति कर रही है। उन्होंने संगठन विस्तार पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत एवं बूथ स्तर पर बैठक आयोजित कर वरिष्ठजनों, महिलाओं और युवाओं को जोड़ते हुए संगठन को मजबूत किया जाएगा। होली मिलन समारोह के दौरान नवनियुक्त सेक्टर अध्यक्षों का गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माहेश्वरी शाह अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, हरीश यादव महामंत्री, मंडल अध्यक्ष बिगेंद्र ठाकुर, डगेश्वर ओटी, दयालु कुंजाम, लोक राम यादव, कमलेश्वर नायक, जनक राम, राम यादव, धनशाय ध्रुव, चमेश्वर निषाद, रामेश्वर सिन्हा, पुनीत राम कुर्रे, यशवंत सेन, शंकर कुर्रे, झमान, महेश राम, ईश्वर नेताम, राजेंद्र ठाकुर, कवि राम, गोपाल नागेश, संतोष यादव, किरण कुमार उपस्थित रहे।

## सीएम विष्णुदेव साय व डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मुलाकात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा सत्र के अंतिम दिवस शुक्रवार को सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, विधायक पुन्नुलाल मोहले से सौजन्य भेंट किया। भेंट करने वालो में राजिम के वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष रिखी यादव, छुरा नगर पंचायत की अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद के प्रतिनिधि थानेश्वर निषाद, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू शामिल थे।

## किरवई में कृषि महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए जनमानस एकजुट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

किरवई में कृषि महाविद्यालय निर्माण को लेकर पूरे गांव के लोग एकजुट हो गए है। गांव में निरंतर बैठक चल रही है। यहां तक कि इस बैठक में शिक्षित एवं बुद्धिजीवी वर्ग के अलावा किसान-मजदूर, व्यापारी एवं पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी शामिल हो रहे है। सभी ने किरवई में शीघ्र भवन निर्माण की मांग की है। ग्रामीणो का कहना है कि डॉ रमन सिंह सरकार द्वारा गरियाबंद जिला में 8 वर्ष पूर्व कृषि महाविद्यालय खोला गया था जो कि भवन के अभाव में फिंगेश्वर के आईटीआई भवन में वर्तमान में संचालित है। विधायक रोहित साहू के प्रयास से भवन निर्माण हेतु 14 करोड़ रूपया छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पास हुआ है। जिसके तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने ग्राम किरवई में आबंटित भूमि में भवन निर्माण हेतु 15 मार्च को कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में भूमि पूजन कार्यक्रम निर्धारित किया था जो अचानक स्थगित हो गया। साहू समाज के सचिव एवं भाजपा युवा नेता ठाकुर राम साहू ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय भूमि चयन समिति द्वारा कृषि महाविद्यालय भवन एवं अनुसंधान केंद्र के लिए चयनित ग्राम किरवई के जमीन को पानी बिजली यातायात एवं विद्यार्थियों के सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही बेहतर बताया गया है। यहां कृषि महाविद्यालय बनने से क्षेत्र के किसानों को खेती के नई तकनीकियों का ज्ञान होगा।

#### बुद्धिजीवियों और सेवानिवृत्त अधिकारियों का समर्थन

शिक्षा विभाग के सेवानिवृत वरिष्ठ ऑडिटर नीलकंठ साहू, रिटायर्ड व्याख्याता लखनलाल साहू, रिटायर्ड पटवारी तथा नवापारा तहसील के पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष रविशंकर साहू ने कहा कि ग्राम किरवई में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खुलने से फिंगेश्वर विकासखंड के साथ-साथ गरियाबंद जिला एवं पूरे छत्तीसगढ़ के लिए कृषि के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी सौगात है। रिटायर्ड प्राचार्य प्रफुल्ल दुबे ने कहा कि आजादी के 79 साल बाद गरियाबंद जिले में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खुलने से जिले की समस्त जनता बहुत हर्षित है। ग्राम किरवई में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खोलने के लिए धमनी के सरपंच रामकली ध्रुव, रामानंद सत्यनारायण शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, प्रदीप दीवान, राजू दीवान, रिटायर्ड व्याख्याता के साहू, रिटायर्ड शिक्षक अश्वनी अजय साहू, अश्वनी दासरात्रे, रिटायर्ड प्रधानपाठक सालिक तारक, मनोज शर्मा, छोटू शर्मा, दामोदर शर्मा, दिनेश साहू, नरेश साहू, भागवत साहू, यशवंत सेन, प्रहलाद साहू, अजय साहू, दिलीप साहू, भीम साहू, पुरुषोत्तम साहू, निरंजन साहू, धनंजय साहू, शुभम साहू, भारती साहू, कामिनी साहू, रागिनी शर्मा, सावित्री शर्मा के अलावा क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए तत्काल भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने की मांग विश्वविद्यालय प्रशासन से की है।

## नवापारा में मुस्लिम भाइयों ने अमन और चैन की मांगी दुआ



**नवापारा-राजिम।** शहर में मुस्लिम भाईयों ने ईद-उल-फितर का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। पवित्र माह रमजान के पूरे 30 रोजे मुकम्मल होने के बाद शुक्रवार की शाम ईद का चांद नजर आया। ईद उल फित्र मुसलमानों का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे मिल जुलकर भाईचारे के साथ मनाया जाता है। इस दिन एक दूसरे से गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलते हैं और मुबारकबादी देते हैं। शनिवार की सुबह ईद उल फित्र की नमाज अदा की गई। ईद में सबसे मुख्य इबादत सुबह की नमाज की शक़्ल में अदा की जाती है। शहर में दो जगहों रायपुर रोड स्थित नई ईदगाह और राजिम पुल के नीचे पुरानी ईदगाह में ईद की नमाज हुई। नई ईदगाह में सुबह 9 बजे जामा मस्जिद के इमाम मुफ़्ती आले नबी साहब ने नमाज पढ़ाई, वहीं पुरानी ईदगाह में सुबह 10 बजे गौसिया रजविया मस्जिद तर्री नवापारा के इमाम गुलामे अली साहब ने इमामत की। बाद नमाज खुतबा पढ़ा गया, फिर दुआ मांगी गई। सलातो सलाम के बाद सभी भाईयों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबादी पेश की। खासकर नन्हे मुन्ने बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बच्चों को अपने बड़ों से ईदी भी मिलती रही। सेवई खाने खिलाने का दौर भी दिन भर चलता रहा।

## डॉ. रमन से पूर्व विधायक संतोष ने की मुलाकात



**राजिम।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने बुके भेंट कर मुलाकात की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, भाजयुमो जिला मंत्री आशीष पांडे, सुशील साहू उपस्थित थे।

## रबी फसल के निंदाई कार्य में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों हरियाली नजर आ रही है किसान अपने संसाधन से रबी फसल धान लगाए हुए है। खेती का दृश्य बेहद जीवंत और उत्साह से भरा हुआ है। किसान पूरी लगन के साथ अपने खेतों में डटे हुए हैं और रबी फसलों की निंदाई-गुड़ाई में दिन-रात जुटे हुए हैं। सुबह की हल्की ठंडक से लेकर दोपहर की धूप और शाम की नरम हवा तक, खेतों में किसानों की मेहनत साफ झलक रही है। गेहूं, चना और सरसों जैसी प्रमुख रबी फसलें इस समय अपनी बढ़वार के महत्वपूर्ण चरण में हैं। ऐसे में निंदाई-गुड़ाई का कार्य अत्यंत आवश्यक हो जाता है। खेतों में उगने वाले खरपतवार न केवल फसलों के पोषक तत्वों को छीन लेते हैं, बल्कि उनकी वृद्धि को भी प्रभावित करते हैं। किसान समय पर इन खरपतवारों को हटाकर फसल को पर्याप्त पोषण देने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे पौधे मजबूत बनें और अधिक उत्पादन दे सकें। स्थानीय किसानों का यह भी कहना है कि नियमित निंदाई-गुड़ाई से फसल में कीट और रोगों का प्रकोप भी कम होता है। इससे रासायनिक दवाओं पर निर्भरता घटती है और खेती की लागत भी नियंत्रित रहती है। कई किसान अब पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों का भी उपयोग कर रहे हैं, जिससे काम तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से पूरा हो रहा है। इस वर्ष मौसम भी किसानों का साथ देता नजर आ रहा है। ठंडी हवाओं और संतुलित धूप के कारण फसलों की वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है। यही कारण है कि किसानों के चेहरे पर उम्मीद की किरण नजर आ रही है। किसान डिकेश साहू, मंगतू साहू, संतराम साहू, त्रिलोचन साहू, गीता मिरी, किसलाल, सियाराम साहू, हरिचन्द्र साहू, रामपाल मिरी, कुंज साहू ने बताया कि फसल की स्थिति ठीक हैं। यदि मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा, तो इस बार फसल की पैदावार बेहतर होगी।

## मोखेतरा में कर्मा जयंती मनाई व हुआ भूमिपूजन

**नवापारा-राजिम।** ग्राम मोखेतरा-तामासिवनी में कर्मा माता मंदिर का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यशवंत साहू सदस्य जिला पंचायत रायपुर, प्रमुख अतिथि ब्रह्मानंद साहू सभापति जनपद पंचायत अभनपुर, अध्यक्षता बलदाऊ साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष रहे। पूरे परिक्षेत्र के सभी ग्रामों से होते हुए कर्मा रथ का मोखेतरा में आगमन हुआ। माता बहनों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। साहू समाज ग्राम मोखेतरा एवं दानदाताओं के सहयोग से भव्य कर्मा मंदिर के निर्माण के लिए अतिथियों व ग्राम के स्वजातीय बंधुओं द्वारा भूमि पूजन किया गया। परिक्षेत्र साहू समाज द्वारा मंदिर निर्माण हेतु 21000 परिक्षेत्र अध्यक्ष बलदाऊ साहू द्वारा 5000, यशवंत साहू जिला पंचायत सदस्य द्वारा 2100 दान देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर ब्रह्मानंद साहू ने कर्मा माता की महिमा का बखान किया कहा कि जो कुछ हमें मिला है समाज की बदौलत है समाज जो भी आदेश करेगा सहयोग के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गौतम साहू, उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज, प्रमिला साहू महिला उपाध्यक्ष, रेखराम, अमित साहू, येगेश्वरी साहू, डॉ. बलराम साहू, चिम्मन साहू, उपेंद्र देशलहरे, किरण साहू ,डिगेश्वर साहू, पुसऊ साहू, हीरालाल साहू, बृजलाल साहू, मिथलेश साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेंद्र साहू, महिला अध्यक्ष प्रभावती साहू मौजूद थे।



## कर्मों का फल इसी संसार में भोगना पडता है : पं. आशीष



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी के साहूपारा में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन कृषक भैयाराम साहू द्वारा किया गया है। कथा प्रसंग के दौरान पंडित आशीष तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन किया जिसमें दही लूट, गोवर्धन पूजा, रूखमणी विवाह की कथा शामिल था। पंडित जी ने कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों का फल इसी संसार में भोगना पड़ता है। चाहे जिस रूप में आए। आज प्रकृति और शुद्ध जल को बचाना जरूरी है। गांवो से हरियाली गायब हो गई है। नदी सुख रही है। भूमिगत जल भी धीरे-धीरे नीचे जा रहा है अतएव हमें भविष्य के लिए सोचना होगा।

## राजस्व पखवाड़ा किसानों के लिए सुनहरा अवसर : परदेशी राम साहू



**नवापारा-राजिम।** भाजपा किसान मोर्चा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष परदेशी राम साहू ने कहा कि किसानों के अधिकारों के समाधान का सुनहरा अवसर राजस्व पखवाड़ा 2026 छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए उनके अधिकारों भूमि संबंधी विवादों और रिकॉर्ड सुधारो के समाधान का एक सुनहरा अवसर है। यह पहल सरकार द्वारा सुशासन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण के लिए चलाई जा रही है। इन शिविरों में श्री साहू ने किसानो से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। ग्राम स्तर पर आयोजित शिविर में किसान अपने लंबित राजस्व मामलों नामांतरण, बंटवारा ,सीमांकन का निराकरण कराकर और भूमि रिकॉर्ड शुद्ध कर सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर सकते हैं। यह पहल किसानों को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों को सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। किसानों से अनुरोध है कि इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी समस्या का समाधान काराएं। राजस्व पखवाड़ा 2026 का मुख्य उद्देश्य और लाभ भूमि रिकॉर्ड में सुधार ,किसानों को खसरा, खतौनी और नक्शा में सुधार ,नामांतरण और सीमांकन जैसे लंबित मामलों का मौके पर ही निपटारा ,अधिकारों का संरक्षण रियल टाइम मॉनिटरिंग और डिजिटल सिस्टम के माध्यम से किसानों को उनकी भूमि पर निर्विवाद अधिकार सुनिश्चित करना, कृषक उन्नति योजना से जुड़ाव छत्तीसगढ़ में 2026 में किसानों को धान का अंतर राशि का भुगतान और कृषक उन्नति योजना के तहत लाभ पहुंचाने के लिए राजस्व रिकॉर्ड का अपडेट होना आवश्यक है। जो इस पखवाड़े में संभव होगा। समस्याओं का समाधान भूमि अधिग्रहण मुआवजे या अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं का शिविर के माध्यम से सुलझाना डिजिटल एग्रीगेट के तहत किसानों का डिजिटल पंजीकरण और भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण जिससे कृषि ऋण और बीमा में आसानी हो। यह पखवाड़ा विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए महत्वपूर्ण है ताकि वह सरकारी योजनाओं जैसे पीएम किसान कृषक उन्नति योजना का लाभ बिना किसी बाधा के उठा सके। श्री साहू ने ऐसे शिविर के आयोजन के लिए सीएम विष्णुदेव साय का आभार माना है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जबरन धर्मांतरण पर लगेगा पूर्ण विराम : साहू

**राजिम।** भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लाए गए छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 की



सराहना करते हुए इसे प्रदेश की सांस्कृतिक अखंडता और सनातन धर्म की सुरक्षा के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधेयक उन ताकतों के खिलाफ एक सुरक्षा कवच है जो प्रलोभन और डर के दम पर प्रदेश की जनसांख्यिकी और परंपराओं को बिगाड़ने का प्रयास कर रही हैं। चंद्रशेखर साहू ने विधेयक के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब अवैध धर्मांतरण को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा अब धोखे से, लालच देकर या डरा-धमकार किसी का धर्म परिवर्तन कराना अपराधियों को भारी पड़ेगा।विधेयक के तहत सामान्य मामले में 7 से 10 वर्ष की जेल और 5 लाख तक का जुमार्ना। महिला, नाबालिग, अजा/अजजा के धर्मांतरण पर 10 से 20 वर्ष की जेल और 10 लाख रुपए का जुमार्ना। तथा सामूहिक धर्मांतरण पर दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास और 25 लाख रुपए का अर्थदंड का प्रावधान इस विधेयक में रखा गया है। इसके अलावा विदेशी धन के दुरुपयोग या मानव तस्करी के जरिए धर्मांतरण कराने पर 20 वर्ष तक की जेल और 30 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। विधेयक का विरोध करने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कांग्रेस का रुख हमेशा की तरह निराशाजनक और तुष्टिकरण की राजनीति से प्रेरित है।

### करीन मेमन ने रखा 30 रोजा

**मैनपुर।** मैनपुर नगर के मात्र 08



साल के करीन मेमन ने 30 रोजा रख कर रमजान माह में एक मिसाल कायम किया है छोटे से उम्र में करीन मेमन ने 30 रोजा रखा।

**पर्व : मैनपुर में ईद-उल-फितर की धूम, छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दिखा भारी उत्साह**

# ईद पर निकला जुलुस, ईदगाह में नमाज अता कर देश में अमन, शांति व खुशहाली की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शनिवार को ईद उल फितर का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 8:30 बजे रजा मस्जिद से जुलुस निकाली गई। जुलुस में रंग -बिरंगे नए कपड़े पहने छोटे-छोटे बच्चे हाथों में झंडा लेकर चल रहे थे। युवा नौजवान बुजुर्ग नात शरीफ पढ़ रहे थे। यह जुलुस ईदगाह पहुंची जहां मौलाना सिब्तैन रजा खान साहब द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई और सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया तथा प्रदेश व देश मे अमन शांति खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। मुस्लिम भाईओ ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबाकर बाद दी और मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमो के कब्रो में फूल, ईत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी। इस मौके पर प्रमुख रूप से हाजी रफीक मेमन, हाजी गुलाम मेमन, हाजी सत्तार मेमन, हाजी शब्बीर मेमन, हाजी गफ्फु मेमन, हाजी इलियास मेमन, वली मोहम्मद धन्नाड़ी, शेख हसन खान, अनीश सोलंकी, जुनैद रजा, अहमद बेग, गुलाम रसुल बेग, इकबाल मेमन, जाहीद रजा, हैदर मेमन, अजहर मेमन, सरफराज मेमन, नजीब बेग, गोलू मेमन, शेख हुसैन, जमाल खान, जाकीर भट्टी, बबला भाई, अजीज अंसारी, अहसन मेमन, शेख फखरूद्दीन, अख्तर मेमन, रब्बू भाई, ईकराम, रमजान खान, हनीफ मेमन, जब्बीर भाई, ईशुफ मेमन, गुलाम मेमन, अफजल मेमन, शाहिद मेमन, सिकंदर मेमन, आरिफ मेमन, जावेद मेमन, आसिफ मेमन, अफरोज खान, शेख खलील खान, शेख ईमामुद्दीन, अंसारी, जुबैद भट्टी, अयान भट्टी, आवेश मेमन, सहित सैकड़ो की संख्या मे मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने पुलिस बल बड़ी संख्या मे तैनात थी वहीं मैनपुर नगर मे इर्द पर्व पर आपसी भाईचारा, सद्भावना देखने को मिला हिन्दु मुस्लिम भाई गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देते नजर आये देर रात तक मुस्लिम भाईओ के घरो मे दावतो का सिलसिला, मिठी सेवाई की खुशबू आती रही।





### रोजेदारों के लिए अल्लाह का इनाम है ईद–उल–फितर

पवित्र माह रमजान 30 रोजा के बाद ईद–उल– फितर का त्यौहार मनाया जाता है, पाक महीने रमजान के बाद आने वाला यह त्यौहार ईद–उल–फितर अल्लाह ताला की ओर से रोजेदारों के लिए एक तोहफा होता है. भाईचारे का यह त्यौहार एक दूसरे को गले लगाकर नफरत को मिटाने का संदेश देता है। ईद उल फितर ऐसा त्यौहार है जो सभी को इंसानियत का पैगाम देता है मुसलमान रमजान के एक माह रोजे रखने के बाद उन्हे ईद का ईनाम मिलता है ईद लोगो मे बेपनाह खुशिया बाटती है और आपसी मोहब्बत का पैगाम देती है गरीब से गरीब आदमी भी ईद को पूरे उत्साह से मनाता है इस दिन अमीर और गरीब का अंतर मिट जाता है खुदा के दरबार मे सब एक है अल्लाह की रहमत हर एक पर बरसती है और ईद के नमाज के बाद सब एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते है वही दूसरी ओर रमजान और ईद मे जकात और फितरा का विशेष महत्व है क्योकि ईद से पहले जरूरतमंदो को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा देना फर्ज जरूरी है जिससे गरीब से गरीब भी खुशी के साथ ईद का त्यौहार मना सके ईद का पर्व इंसानियत भाईचारा का पैगाम देता है।

### कुण्डेल में ईद धुमधाम से मनाया

छुईहा बेलर। समीपस्थ ग्राम कुण्डेल में शनिवार तीसवें रोज़े की इफ़्तार के बाद ईदउलफितर की नमाज़ शांतिपूर्ण माहौल में अता की गई। नमाज़बाद रोजादार एंव उपस्थित सभी ने गले मिलकर भाईचारे और अमनचैन की दुआ मांगी, वरिष्ठों ने छोटेबच्चों को गले लगाकर ईदी दी, कुण्डेल की महिलाएँ घरों में सेवइयांखीर बांटती रहीं। इस वर्ष रमज़ान के तीस रोज़े और हिन्दू नव वर्षचैत्र नवरात्रि का संयोग एक साथ पड़ा है, मस्जिदों में रोजा इफ़्तार और नमाज अदागी तो वहीं देवी मंदिरों के ज्योति कलश स्थापित है। जिससे गांव में दोसमुदायों का सम्मानभाव गहराया दिख रहा है। आयोजन में हिन्दूमुस्लिम दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए सरपंच गज्जु सिन्हा, जनपद सभापति नंदू यादव, पूर्व सरपंच राजेश सिन्हा, कुंजलाल सिन्हा और स्थानीय गणमान्यजन भी एकदूसरे से गले मिले, जिससे आपसी सौहार्द की मिसाल कायम हुई। ईद के इस मौके पर मौलाना सरीफूल हक्क कादीर,सदर रसीद खान,अ.सत्तार खान, आलिम खान, याबुक खान, अनवर, रज्जाक, सरीफ, अब्दुल, नाजिर, इनायत, जाहीर, रफीक, कादीर, हनीफ यासिन, नब्बू, गफ्फार, नफीस, रसबार, अल्ताफ, ताविक खान ,जाहीर खान हनीफ, जब्बार खान, अख्तर, फारुक, मुख्तर, इब्राहिम, करीम आहमद, आरीफ, उपस्थित थे।

### 10 वर्षिय आतिफ खान ने रखा रोजा



**मैनपुर।** मैनपुर नगर मे मुस्लिम समाज द्वारा रमजान का पर्व पूरे उत्साह से मनाया जा रहा है। बड़ों से लेकर छोटे -छोटे बच्चे रोजा रख रहे हैं। मात्र 10 साल के आतिफ खान पिता आकिश खान ने पूरे एक माह 30 रोजा आज पूरा किया। छोटे से उम्र मे आतिफ खान ने 30 रोजा रखकर बड़ा सब्र का कार्य किया है। 30 रोजा पूरा होने पर उनके परिजनों ने उन्हे फुलमाला से स्वागत किया। आतिफ खान ने बताया की उन्होने 30 रोजा रखकर पूरा परिवार क्षेत्र प्रदेश और देश में खुशहाली के लिए दुआ मांगी है।


### 9 साल के जिशान मेमन ने रखा रोजा

**गरियाबंद।** गरियाबंद में इस बार ईद-उल-फितर के मौके पर खुशियों के बीच एक नन्हे बच्चे की इबादत और हौसले की मिसाल ने हर किसी का दिल छू लिया। महज़ 9 साल के ज़िशान मेमन ने पूरे रमजान में 30 रोज़े रखकर एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। इतनी कम उम्र में पूरे महीने रोज़ा रखना न केवल अनुशासन और संयम का परिचायक है, बल्कि गहरी आस्था और मजबूत इरादों को भी दर्शाता है। ज़िशान पिछले दो वर्षों से पूरे रोज़े रखने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन इस बार उन्होंने एक भी रोज़ा नहीं छोड़ा और पूरे नियमों का पालन करते हुए इबादत पूरी की। परिवार के अनुसार, जिशान रोजाना समय पर सहरी के लिए उठते थे और पूरे दिन बिना किसी शिकायत के रोजा रखते थे। उनकी इस लगन और समर्पण ने परिवार सहित पूरे मोहल्ले को प्रभावित किया। वहीं मां रेहाना मेमन ने बताया कि जिशान ने पूरे महीने बिना थकान या कमजोरी की शिकायत के रोज़े रखे और परिवार ने भी हर कदम पर उसका साथ दिया।

## ईद सामाजिक समरसता और इंसानियत का संदेश देने वाला त्योहार : मेमन

**गरियाबंद।** जिले में ईद-उल-फितर का पावन पर्व इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर में ईद की रौनक देखने को मिली। नए कपड़ों में सजे लोग, बच्चों की खिलखिलाहट और मस्जिदों-ईदगाहों की ओर बढ़ते कदमों ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया।

जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना असलम अज़हरी ने सुबह 9:30 बजे ईदगाह में विशेष नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और अल्लाह से अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। ईदगाह परिसर में भाईचारे और सौहार्द का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहां छोटे-बड़े, अमीर-गरीब सभी ने एक साथ मिलकर त्योहार की खुशियां बांटीं। इस मौके पर पूर्व नपा अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन ने कहा कि ईद-उल-फितर का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने सभी लोगों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि गरियाबंद की पहचान हमेशा से आपसी एकता और गंगा-जमुनी तहज़ीब रही है। इस तरह के पर्व हमें एक-दूसरे के करीब लाते हैं और समाज में सद्भाव को मजबूत करते हैं। फ़ारूक़ मेमन ने कहा कि ईद केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और इंसानियत का संदेश देने वाला त्योहार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सभी समाज के लोग मिलकर इस पर्व को मना रहे हैं, वह गरियाबंद की खूबसूरती और भाईचारे की मिसाल है। उन्होंने सभी से शांति, प्रेम और आपसी सम्मान बनाए रखने की अपील की। समाजसेवी इमरान मेमन ने कहा कि ईद हमें त्याग, सेवा और दूसरों की मदद करने की सीख देती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना और खुशियां बांटना ही इस पर्व की असली भावना है।





### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

इमरान मेमन ने सभी को ईद की शुभकामनाएं देते हुए समाज में एकता और भाईचारे को और मजबूत करने का संदेश दिया। समाजसेवी सोहेल मेमन ने कहा कि ईद-उल-फितर का पर्व इंसानियत, मोहब्बत और भाईचारे का सबसे बड़ा संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें सिखाता है कि हम अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों की मदद करें और खुशियां बांटें। सोहेल मेमन ने सभी शहरवासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए अपील की कि आपसी सद्भाव, शांति और एकता को हमेशा बनाए रखें, यही ईद की असली भावना है। गरियाबंद की गंगा-जमुनी तहजीब की झलक भी इस दौरान साफ दिखाई दी। बौद्ध समाज के लोगों ने हर वर्ष की तरह इस बार भी ईदगाह में मीठी खीर और सेवई का वितरण किया। नमाज से लौटते लोगों का स्वागत करते हुए उन्होंने सभी को बधाई दी और मिठास बांटी। यह दृश्य सामाजिक समरसता और भाईचारे का जीवंत उदाहरण बना रहा। वहीं नगरपालिका की ओर से अध्यक्ष रिखी राम यादव और पार्षदों ने भी ईद के अवसर पर विशेष पहल करते हुए सरबत वितरण किया। उन्होंने मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों से मुलाकात कर ईद की शुभकामनाएं दीं और शहर में आपसी सौहार्द बनाए रखने की बात कही। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत के निर्देशन में ईदगाह, मस्जिदों और शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

## झाड़ुराम तारक मछुवारा संघ के अध्यक्ष बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम विधानसभा क्षेत्र में झाड़ुराम तारक को मछुवारा संघ के अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें समाज के लोगो ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में अध्यक्ष रामू धीवर, सचिव तुकाराम धीवर, युवा अध्यक्ष यीशु धीवर ,संरक्षक घुरऊ धीवर, दौव्वा राम, प्रकाश धीवर, सलाहकार सुदर्शन धीवर, चेमन धीवर उपाध्यक्ष, मेवाराम, शत्रुघ्न, विश्राम, मीडिया प्रभारी राजेश धीवर, संगठन मंत्री चेमन, उपकोषाध्यक्ष वाल्मीकि, सह सचिव मानु तारक, लेखापाल अरुण हिरवानी, युवा सदस्य लीलाधर भेमन, कुंतराम, रेखुराम, गणेश, शिवकुमार, लखनू राम, देवनारायण, नेमीचंद, राजकुमार, दीनू, टीकम, चेतन, हरिश्चंद्र, धनीराम, उमेद, हेमंत ,व्यास ,पुनाराम ,मन्नु ,रमाकांत ,बहुर राम ,संतोष ,गोविंद ,बसंत ,जगदीश ,भूषण ,भगवानधर ,दुखु राम ,भीमराज ,हरिओम ,महिला अध्यक्ष पूर्णिमा धीवर ,लता धीवर ,राधा धीवर ,सेवती बहुरा ,श्यामा ,होरीलाल ,राजू धीवर ,सत्यनारायण धीवर ,मेघराज धीवर ,कमलेश ने बधाई दी है।

## धर्म रक्षा के संकल्प को साकार कर रही सुशासन सरकार : हेमलता ध्रुव



**रसेला।** भाजपा मंडल मलेवाअचल बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के महिला मोर्चा के अध्यक्ष, ग्राम पंचायत दादरगाव नया के सरपंच क्षेत्र की वरिष्ठ भाजपा नेत्री हेमलता ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के खिलाफ प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ धर्म से। स्वातत्य विधेयक ' को विधानसभा में पारित किया जाना ऐतिहासिक क़दम है। जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश की सभ्यता एवं संस्कृति की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। हेमलता ध्रुव ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सुशासन के संकल्प से धर्म संस्कृति के संरक्षण एवं सम्मान को ध्यान में रखकर ही धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कानून लायी गयी है। अब किसी भी व्यक्ति का छल, बल, लालच या डिजिटल माध्यम से धर्म परिवर्तन करना गैर जमानती अपराध की श्रेणी में आएगी। जिसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए 7 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान की गयी है। तथा 5 लाख से 30 लाख रुपए तक के कर। अर्थदंड देने की दंडात्मक प्रावधान भी की गयी है। साथ ही त्वरित न्याय के लिए ज़िले में विशेष न्यायालय का गठन की जाएगी। पीड़ितों के लिए विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति किए जाएंगे और दोषी को पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक मुआवजा प्रतिकर देने की व्यवस्था किए गए हैं। इस नए कानून के अंतर्गत किसी व्यक्ति के द्वारा अपने मूल या पैतृक धर्म में पुनः वापसी करते हैं तो उसे धर्मांतरण नहीं मानी जाएगी। हेमलता ध्रुव ने कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विधानसभा में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातत्य विधेयक पर हुई चर्चा का कांग्रेसी विधायकों द्वारा बहिष्कार किया जाना बहुत ही निंदनीय है। कांग्रेस नहीं चाहती कि धर्मांतरण कराने वाले लोगों पर कोई भी कानूनी कार्रवाई हो। लेकिन अब भाजपा सरकार द्वारा नए कानून लाने के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश में धर्मांतरण कराने लोगों की खैर नहीं होगी। हेमलता ध्रुव ने इस कानून विधेयक पारित होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किए है।

### कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली कर्मा रथयात्रा

**अभनपुर।** परिक्षेत्र साहू समाज खोरपा अंतर्गत विभिन्न गांवों में कर्मा जयंती महोत्सव इस वर्ष भी हर्षोल्लास साथ मनाया गया, 15 मार्च से प्रारंभ हुई कर्मा रथ यात्रा का समापन ग्राम परसदा में हुआ। इस दौरान गांव में पारंपरिक आस्था और उत्साह के साथ कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष एवं युवाओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि कर्मा जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने प्रतिभावान छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है, और बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस दौरान पर साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष विरेंद्र साहू,समाज अध्यक्ष हेमंत साहू, उपाध्यक्ष जगदीश साहू, सरपंच किरण कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडु ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.